IGH

December - Examination 2015

BAP Examination

सामान्य हिन्दी का परिचय

Paper - IGH

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश :-

1) प्रश्न पत्र तीन खण्डों, अ,ब और स खण्ड में विभाजित है। खण्ड 'अ' अति लघुत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघुत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

(खण्ड – अ) 8 x 2 = 16

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकत 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है।

1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(i) स्वर किसे कहते हैं?

(ii) संज्ञा किसे कहते हैं?

(iii) हिन्दी की लिपि कौन–सी है?

(iv) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन शब्द बनाइये–

पुस्तक, टोपी, बहू, बच्चा

(v) कमल शब्द के कोई दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(vi) जय का विलोम होगा?

(vii) सर्वनाम की परिभाषा लिखिए।

(viii) लिंग बदलिए

(i) आदमी

(ii) शेर

(खण्ड – ब) 4 x 8 = 32

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) महात्मा गांधी के पत्र 'चरित्र निर्माण' के आधार पर जीवन में किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

3) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

प्रभु ने तुमको कर दान दिए,
सब वांछित वस्तु विधान किए।
तुम प्राप्त करो उनको न अहो,
फिर है किसका यह दोष कहो।
समझो न अलभ्य किसी धन को।
नर हो न निराश करो मन को

4) 'बूढ़ी काकी' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? अपने विचार लिखिए।

5) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए और संधि का नाम भी लिखिए।

शब्द	–	संधि	–	संधि का नाम
रवि + इन्द्र				
नील + अम्बर				
नव + उत्सव				
नर + ईश				

6) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

क्र. सं.	वाक्यांश	एक शब्द
(i)	विष्णु का उपासक	
(ii)	सेना के ठहरने का स्थान	
(iii)	किसी स्थल से परिवर्तित होकर आई ध्वनि	
(iv)	वह जिसमें बाण रखे जाते है	
(v)	जिसे ईश्वर से विश्वास ना हो	
(vi)	कन्या का विवाह कर देने की वचन देने की रस्म	
(vii)	मरने की इच्छा	
(viii)	बड़ा भाई	

7) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(i) गुस्सा पीना

(ii) कंगाली में आटा गीला

(iii) नो दो ग्यारह होना

(iv) दाल न गलना

8) विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का नाम लिखिए। गुणवाचक विशेषण की सोदाहरण परिभाषा लिखिए।

9) निम्न गद्यांश का संक्षेपण कीजिए।

प्रतिभा एक दैवीय शक्ति है और जिस लेखक में यह हो, वह अपनी रचनाओं द्वारा भूत, भविष्य और वर्तमान का सजीव और सुस्पष्ट चित्र उतार सकता है। प्रतिभा के बल पर वह भूत के गहनतम में प्रवेश कर, वहाँ से प्रकाश की किरणों को बटोर कर ला सकता है। उन किरणों के प्रकाश से भविष्य का मार्गदर्शन कर, उइे समुज्जवल बना सकता है। वर्तमान की समस्त परिस्थितियों का अध्ययन और मनन कर, वह उन्हें सही दिशा में मोड़ सकता है। प्रतिभा के बल पर वह देश की सुषुप्त चेतना को जगाकर उसमें प्राण फूंक सकता है। वह अपनी प्रतिभा पूर्ण रचना के द्वारा दर्शक या पाठक का केवल अनुरंजन ही नहीं करता, वह उसे अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी बना देता है।

(खण्ड – स) $2 \times 16 = 32$

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) ''बूढ़ी काकी'' नामक कहानी में विद्यमान पात्रों का चरित्र–चित्रण कीजिए।

11) विराम चिह्न किसे कहते हैं? हिन्दी में प्रचलित किन्हीं पाँच विराम चिह्नों के नियमों को स्पष्ट कीजिए।

12) निम्नलिखित प्रार्थना पत्र लिखिए।

(i) माना कि आपका नाम सुरेश है। आप गरीब किन्तु मेहनती छात्र हैं। आप अपने महाविद्यालय (राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर) के प्राचार्य को छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।)

(ii) माना कि आपका नाम रमेश है। आप राजकीय महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं। आपको पुस्तकें खरीदने के लिए 2000 रुपयों की आवश्यकता है। आप अपने पिताजी को इस निमित्त एक पत्र लिखिए।

13) निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर अनुच्छेद लिखिए।

(i) मनोरंजन के आधुनिक साधन

(ii) दीपावली

(iii) हमारा भारत

(iv) मेरा प्रिय खेल